VIDIT
PUBLICATION

2026

UPPSC, UPSSSC एवं राज्य की समस्त प्रतियोगी
परीक्षाओं हेतु उपयोगी

UPGK

उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान

भूगोल | इतिहास | राजव्यवस्था | अर्थव्यवस्था | संस्कृति | पर्यटन



- नवीनतम तथ्य एवं ऑकड़े
- अध्यायवार अध्यास प्रश्न
- पिछले वर्षों के प्रश्न (PYQ)
- सरल भाषा में विस्तृत व्याख्या

VIDIT PUBLICATION , PRAYAGRAJ | Mob. 8858920081


प्रिय अभ्यर्थियों, प्रस्तुत पुस्तक **'VIDIT Publication'** द्वारा **"उत्तर प्रदेश विशेषांक (UP State GK)'** को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह पुस्तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC), उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) एवं राज्य के अन्य सभी आयोग (Commission) द्वारा आयोजित जैसे- सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (Combined State/Upper Subordinate Services), Lower PCS तथा राज्य में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं के नवीनतम पाठ्यक्रम और प्रकृति को ध्यान में रखकर तैयार की गयी है। इस पुस्तक में उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों और अवधारणाओं का संकलन किया गया है। परीक्षार्थियों की सहायता के लिए इसमें अद्यतन सरकारी आंकड़ों (Public Data) तथा आयोग के मानक स्तर का विशेष ध्यान रखा गया है तथा आवश्यकतानुसार मैप का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही इस पुस्तक में "पिछले वर्षों के प्रश्नों" (PYQs) का समावेश किया गया है।

इसे अधिक-से-अधिक लाभप्रद एवं परीक्षा उपयोगी बनाने के लिए प्रत्येक खण्ड में विस्तृत विषय-वस्तु एवं विश्लेषणात्मक जानकारी का समावेश इस प्रकार किया गया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा में कोई कठिनाई न हो। प्रस्तुत पुस्तक को त्रुटिरहित और परीक्षा स्तरीय बनाने में जिन विशेषज्ञों तथा सहकर्मियों का हमें सहयोग मिला, उनके प्रति हम कृतज्ञता प्रकट करते हैं। निरंतर सतर्क प्रयासों के बावजूद पुस्तक में मानवीय भूलवश कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है। अतः आप सुधी पाठकों व अभ्यर्थियों के रचनात्मक सुझाव सदैव आमंत्रित हैं।

आदित्य त्रिपाठी

अध्याय संख्या	अध्याय का नाम	पेज
अध्याय 1	उत्तर प्रदेश की सामान्य जानकारी	1-2
अध्याय 2	उत्तरप्रदेश का इतिहास	3-20
अध्याय 3	वास्तुकला	21-25
अध्याय 4	उत्तरप्रदेश का शास्त्रीय नृत्य एवं लोक नृत्य	26-31
अध्याय 5	पर्यटन	32-36
अध्याय 6	उत्तर प्रदेश के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थान	37-40
अध्याय 7	भौगोलिक परिदृश्य	41-46
अध्याय 8	जलवायु	47-49
अध्याय 9	उत्तरप्रदेश में वन एवं वन्यजीव	50-55
अध्याय 10	खान एवं खनिज तथा ऊर्जा संसाधन	56-59
अध्याय 11	अर्थव्यवस्था	60-66
अध्याय 12	उद्योग एवं परिवहन	67-75
अध्याय 13	शिक्षा संस्थान, संग्रहालय एवं नक्षत्रशाला	76-80
अध्याय 14	उत्तर प्रदेश की राजनीतिक व्यवस्था	81-88
अध्याय 15	जनगणना परिदृश्य	89-91
अध्याय 16	उत्तरप्रदेश की जनजातियां	92-93
अध्याय 17	महत्वपूर्ण योजनाएं	94-97
अध्याय 18	उत्तरप्रदेश समसामयिक	98-101

अध्याय 1 उत्तर प्रदेश की सामान्य जानकारी



- भारत के उत्तरी हिस्से में स्थित उत्तर प्रदेश देश के सबसे ज़्यादा आबादी वाले राज्यों में से एक है।
- अलग-अलग तरह की भौगोलिक बनावट और सांस्कृतिक विविधताओं वाला उत्तर प्रदेश, राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, अशोक, हर्ष, अकबर और महात्मा गांधी जैसे ऐतिहासिक नायकों की कर्मभूमि रहा है।
- ब्रिटिश शासन के दौरान इस राज्य का नाम 'यूनाइटेड प्रोविंस' था, लेकिन आज़ादी के बाद इसका नाम बदलकर 'उत्तर प्रदेश' कर दिया गया।
- इस राज्य में 75 ज़िले हैं और लखनऊ इसकी राजधानी है। राज्य से होकर गंगा और यमुना जैसी दो प्रमुख नदियाँ गुज़रती हैं।
- 24 जनवरी 1950 को राज्य की स्थापना की गई।
- 1 नवंबर 1956 को राज्य पुनर्गठन किया गया।
- 9 नवंबर 2000 को राज्य के विभाजन के फलस्वरूप उत्तरप्रदेश का पुर्नगठन हुआ।
- 24 जनवरी को उत्तरप्रदेश राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाता है।
- उत्तर प्रदेश में कुल 18 मंडल, 75 जिले, 351 तहसील, 4 आर्थिक संभाग, 17 नगर निगम, 200 नगरपालिका परिषद, 545 नगर पंचायत, 826 विकासखंड, 915 नगर एवं नगर समूह, 8135 न्याय पंचायत तथा 57,695 ग्राम पंचायत है।

आधुनिक समय में हुए राज्य के नाम में परिवर्तन

- जून, 1836- उत्तर पश्चिमी प्रांत
- फरवरी, 1877- उत्तर पश्चिमी प्रांत, आगरा एवं अवध
- 1902- संयुक्त प्रांत, आगरा एवं अवध
- 1937- संयुक्त प्रांत
- 24 जनवरी 1950- उत्तर प्रदेश (इस दिन संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था)

उत्तरप्रदेश की राजधानी का क्रमानुसार परिवर्तन:

- 1836 से 1858 ई तक आगरा
- 1858 से 1921 ई तक इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज)
- 1921 से 1935 ई तक आंशिक रूप से लखनऊ
- 1935 से अब तक पूर्ण रूप से लखनऊ

उत्तरप्रदेश के राजकीय प्रतीक:

- राज्य चिह्न - घेरे में दो मछलियाँ, एक धनुष-बाण तथा बीच में बहती गंगा-यमुना नदियाँ, जिसे 1938 में स्वीकार किया गया।
- राज्य पक्षी – सारस
- राज्य पशु- बारहसिंगा
- राज्य पुष्प- पलास या टेसू (2011 में अपनाया गया)
- राज्य वृक्ष- अशोक
- राज्य खेल- हॉकी
- वर्ष 1989 में **हिंदी** को उत्तरप्रदेश की **दूसरी राजभाषा** के रूप में मान्यता प्रदान की गई।



1. उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी कौन सा है?
(a) गौरैया (b) मोर
(c) तोता (d) सारस क्रेन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर: (d) सारस क्रेन
(UPSSSC X-Ray 15/12/2024)

2. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश का राज्य पशु है?
(a) भारतीय हाथी (b) भारतीय चीता
(c) काला हिरण (d) दलदली हिरण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर: (d) दलदली हिरण
UPSSSC Auditor & Assit. Accountant 05/01/2025

3. कब संयुक्त प्रांत का नाम बदल कर उत्तर प्रदेश किया गया था?
(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 24 जनवरी, 1950
(c) 15 अगस्त, 1950 (d) 2 अक्टूबर, 1950
उत्तर: (b)
UPP Constable 26.10.2018 (Shift-1)

4. उत्तर प्रदेश का राज्य पशु कौन सा है?
(a) मत्स्य-विडाल (b) लाल पांडा
(c) चश्माधारी बंदर (d) बारहसिंगा
उत्तर: (d)
UPSI 21.11.2021 Shift-I

5. 'संयुक्त प्रांत, आगरा एवं अवध' की राजधानी को इलाहाबाद से कहाँ स्थानांतरित किया गया?
(a) कानपुर (b) गोरखपुर
(c) लखनऊ (d) वाराणसी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर: (c) लखनऊ
UPSSSC Homeopathic Pharmacist 02/02/2025

6. उत्तर प्रदेश के राज्य पुष्प का नाम क्या है?
(a) कमल (b) वाटर लिली
(c) गुलाब (d) पलाश
उत्तर: (d) पलाश
UP Police Const. Re-exam 31/08/2024

7. निम्नलिखित में कौन सा एक उत्तर प्रदेश के तथ्यों के बारे में बेमेल है?
(a) राज्य वृक्ष - अशोक
(b) राज्य पक्षी - सारस क्रेन
(c) राज्य फूल - पलाश
(d) राज्य पशु - नीलगाय
उत्तर: (d) राज्य पशु - नीलगाय
Allahabad High Court ARO 14-12-2021

8. उत्तर प्रदेश राज्य के प्रतीक चिह्न में क्या नहीं है?
(a) तीर (b) धनुष
(c) मछली (d) मोर
उत्तर: (d) मोर
Allahabad High Court ARO 15-12-2021